नव भारत
राष्ट्रीय अस्मिता 1934 से

# हर नगर पंचायत में गीता भवन बनाए जाएंगे : सीएम डॉ . यादव

## बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर आगे बढ़ा रही है विकास कार्य

**59 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया**

**193 करोड़ से अधिक राशि से होंगे विकास कार्य**



**निवाड़ी 26 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि निवाड़ी मध्यप्रदेश की अयोध्या है. यह सांस्कृतिक इतिहास और मंदिरों की नगरी है. यहाँ का वातावरण मनमोहक है. अयोध्या में भगवान राम का दिव्यधाम जगमगा रहा है, वैसे ही निवाड़ी के ओरछा में भगवान राम का राम राजा लोक का निर्माण हो रहा है. भगवान राम का गॉर्ड ऑफ ऑनर ओरछा की गरिमा को बढ़ाता है. राजा राम के धाम के आसपास विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है.**

उन्होंने कहा कि निवाड़ी जिला बनने के बाद यहां विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवाड़ी जिला मुख्यालय स्थित खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवाड़ी जिला मुख्यालय स्थित खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए रिमोट के माध्यम से नव निर्मित संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन और जिला अस्पताल का लोकार्पण किया. मुख्यमंत्री ने जिले में अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लगभग 193 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कुल 59 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया. इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देख के गौरव और देश की रक्षा के लिए बुन्देलखंड के वीरों ने आक्रांताओं की चुनौती का डटकर सामना किया और बुन्देलखंड सहित देश की रक्षा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वकल्याण और जनकल्याण हमारी सरकार का मूल मंत्र है. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का हर निर्णय, हर योजना और हर कार्य जनहित को ध्यान में रखकर किया जा रहा है. सरकार गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के जीवन को आसान बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने स्पष्ट किया कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य हर नागरिक को समान अधिकार और समान कानून उपलब्ध कराना है,

**मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं**

- निवाड़ी में विधि महाविद्यालय और एमबीए महाविद्यालय खोला जाएगा.
- निवाड़ी में सर्वसुविधायुक्त नवीन बस स्टेण्ड बनेगा.
- प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम सहायता बस सेवा शुरू होगी.
- तरीचरकला में गौशाला बनायी जाएगी.
- कनेर नदी पर जनौली-चंदावनी के बीच पुल बनवाया जाएगा.

# जिले के विकास और भविष्य की दिशा तय करने वाला चुनाव

नवभारत न्यूज

**दतिया, 26 जुलाई. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को ओरछा स्थित कंचना घाट, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने दतिया विधानसभा के बूथ क्रमांक 116 वीर सिंह गार्डन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने वार्ड क्रमांक 29 के बूथ क्रमांक 122 एवं प्रदेश प्रभारी डॉ.महेंद्र सिंह ने वार्ड क्रमांक 9 के बूथ क्रमांक 177 में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व स्थानीयजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण कर संबोधित किया.**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम समाज के अनगिनत प्रेरक प्रयासों, नवाचारों और सकारात्मक बदलावों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है. जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने सीधी जिले में बनाए गए लगभग 1,500 तालाबों तथा नरसिंहपुर के अमृत सरोवरों का विशेष उल्लेख किया. यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है.



**आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा भारत : डॉ . महेंद्र सिंह**

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि अब हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है. मन की बात में भी उन्होंने स्वदेशी अपनाने की अपील देशवासियों से की है. अब हमारे देश में हर आवश्यक वस्तु का निर्माण हो रहा है. हिन्दुस्तान में शस्त्र बन रहे हैं, आधुनिक हथियार बन रहे हैं, अब तो हमारे यहां बनने वाले स्वदेशी गोले भी पाकिस्तान की धरती पर गिरेंगे.

### 70 की उम्र के बाद मिला सुरक्षा का भरोसा, 130 बुजुर्गों को मिला आयुष्मान कार्ड

**रतलाम.** मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप के मार्गदर्शन में शनिवार को शहर के कम्युनिटी हॉल में आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए 130 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें वितरित किए गए। महापौर प्रहलाद पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और अधोसंरचना के क्षेत्र में अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू हुई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री चैतन्य काश्यप प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, सांदीपनी विद्यालय, संजीवनी क्लीनिक और आयुष्मान भारत योजना इसके प्रमुख उदाहरण हैं.

# हाथी ने ऑटो चालक को पैर से कुचला

## उज्जैन से मांगलिक कार्यक्रम में लाया गया था हाथी, महावत हिरासत में

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 26 जुलाई. चंदन नगर थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसे में बेकाबू हाथी के हमले से ऑटो चालक की मौत हो गई. राजनगर पुलिस चौकी के पास हाथी को गुड़ खिला रहे चालक को हाथी ने अचानक सूंड से उठाकर कई फीट दूर पटक दिया और फिर पैर से कुचल दिया. गंभीर हालत में अस्पताल ले जाए गए चालक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया.**

घटना का वीडियो रविवार को सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया. मृतक की पहचान विजय उर्फ लक्ष्मण राव होलकर उम्र 49 साल के रूप में हुई है. शनिवार शाम करीब 4.18 बजे वह राजनगर पुलिस चौकी के पास खड़े हाथी को गुड़ खिला रहे थे, इसी दौरान हाथी अचानक उग्र हो गया. उसने विजय को सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया और फिर उनके ऊपर पैर रख दिया. आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह हाथी को हटाया और घायल विजय को पहले जिला अस्पताल, बाद में वर्मा यूनियन अस्पताल पहुंचाया, जहां शाम करीब 7.30 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई.



जांच में सामने आया है कि हाथी को उज्जैन से जैन समाज के एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर लाया गया था. कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कुछ महावत हाथी को लेकर इलाके में घूम रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हो गया. घटना के बाद पुलिस ने महावत को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. हाथी के संबंध में इंदौर चिड़ियाघर प्रबंधन को भी सूचना दी गई है. पुलिस को प्रारंभिक जांच में यह जानकारी भी मिली है कि घटना के समय विजय के शराब के नशे में होने की आशंका है.

**इनका कहना है**

हाथी के हमले में घायल ऑटो चालक विजय उर्फ लक्ष्मण राव होलकर की उपचार के दौरान मौत हो गई. मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है, महावत को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. हाथी को इंदौर लाने और घटना की परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है. मृतक के नशे में होने की जानकारी मिली है, जिसकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी.

**तिलक करोले**
चंदन नगर थाना प्रभारी

### मुख्यमंत्री डॉ . यादव अल्प प्रवास पर आज ग्वालियर आयेंगे



**ग्वालियर 26 जुलाई।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 जुलाई को अल्प प्रवास (ट्रांजिट विजिट) पर ग्वालियर आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपरान्ह लगभग 4:20 बजे वायुमार्ग द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पहुँचेंगे और यहां से थोड़ी देर बाद हैलीकॉप्टर द्वारा दतिया के लिये प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दतिया से रात्रि लगभग 11:15 बजे वापस ग्वालियर विमानतल पहुँचेंगे और यहां से विमान द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# भाजपा नेता पर प्रयागराज में हमला

## प्रदर्शनकारियों ने कार में की तोडफ़ोड़

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 जुलाई, जिले के चाकघाट निवासी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रशांत पाठक पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कथित हमला होने का मामला सामने आया है.**

प्रशांत पाठक का आरोप है कि प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों ने उनकी कार पर भाजपा का झंडा देखकर उन्हें घेर लिया और जमकर तोडफ़ोड़ की. उन्होंने इस घटना के लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं. वहीं कांग्रेस ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है.



प्रशांत पाठक के अनुसार वह इलाज के सिलसिले में प्रयागराज गए थे. लौटते समय सुभाष चौराहे के पास प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उनकी कार पर लगा भाजपा का झंडा देखकर वाहन रोक लिया. उनका दावा है कि भीड़ ने भाजपा वाला है, मारो इसे कहते हुए कार को चारों ओर से घेर लिया और शीशे तोड़ दिए.

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने कार से भाजपा का झंडा निकालकर फेंक दिया और वाहन के दरवाजे खोलकर उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की. काफी मशक्कत के बाद चालक किसी तरह कार को वहां से निकालने में सफल रहा. प्रशांत पाठक ने घटना की शिकायत प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई है. उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

# पेट्रोल डालकर फूंकी चाय नाश्ते की दुकान

**जबलपुर, 26 जुलाई. घमापुर थाना इलाके में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक चाय-नाश्ते की दुकान को पेट्रोल डालकर फूंक दिया गया. आगजनी की इस वारदात में दुकानदार का करीब 80,000 का सामान जलकर खाक हो गया. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी अनुसार सतपुला छुई खदान निवासी अनुरज राय की घमापुर थाना अंतर्गत डी वी क्लब के बाजू में चाय-नाश्ते की दुकान है. रोज की तरह शनिवार रात को भी वह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे.

रात करीब 2:06 बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी दुकान में भीषण आग लग गई है. जब अनुरज अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचे, तो दुकान धूं-धूं कर जल रही थी. उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी. दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक दुकान के भीतर रखा सामान जलकर पूरी तरह राख हो चुका था.

पीड़ित दुकानदार का आरोप है कि किसी अज्ञात शरारती तत्व ने जानबूझकर दुकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाई है.

# रेत तस्करों ने किया आरआई पर हमला, दो पर मामला दर्ज

**छिंदवाड़ा, 26 जुलाई. जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अधिकारियों पर हमलों का सिलसिला थम नहीं रहा है. जुन्नारदेव में शनिवार को अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर जब्त करने के कुछ घंटे बाद राजस्व निरीक्षक ( आरआई ) राहुल कबले पर कथित रेत तस्करों ने हमला कर दिया.**

आरोप है कि बीच रास्ते रोककर उनसे विवाद किया गया और थप्पड़ मार दिया. पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. समाचार लिखे जाने तक दोनों आरोपी गिरफ्तार नहीं हो सके थे. पुलिस के अनुसार आरआई राहुल कबले शनिवार सुबह एसडीएम और तहसीलदार के निर्देश पर अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई के लिए निकले थे. इस दौरान उन्होंने रेत से भरा एक ट्रैक्टर पकड़ा और नियमानुसार जब्त कर तहसील कार्यालय परिसर में खड़ा करा दिया. कार्रवाई पूरी करने के बाद वे घर लौट गए. दोपहर करीब 12 बजे निजी काम से बाजार जाते समय पुल के पास हिमांशु टांडेकर और हरीश टांडेकर ने उन्हें रोक लिया. ट्रैक्टर जब्त किए जाने को लेकर दोनों ने विवाद शुरू कर दिया.

**संबोधन** | दतिया में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय है

# कांग्रेस वाले बड़े मायावी और भ्रम फैलाते हैं : शिवराज

**दतिया/भोपाल 26 जुलाई. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को दतिया विधानसभा के बसई में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पार्टी को धन्यवाद देता हूं कि आज बसईवासियों से मिलने का मौका मुझे दिया.**

आज आप सबको देख कर, आपके उत्साह को देख कर मेरा मन संतोष से भरा हुआ है. भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनीति न तो कोई शौक है और न ही कोई धंधा, बल्कि यह जनता की सेवा का माध्यम है. हम भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्र के पुनर्निर्माण, जनता के कल्याण, दरिद्र नारायण की सेवा एवं एक विकसित देश और मध्यप्रदेश बनाने के लिए राजनीति करते हैं.



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के लिए हम काम कर रहे हैं. पार्टी जो काम देती है, हम निष्ठा के साथ करते हैं. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की ही कांग्रेस पार्टी में कोई पूछ-परख नहीं है, ऐसी पार्टी जनता का भला नहीं कर सकती. जनसभा को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने भी संबोधित किया.

**क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को विजयी बनायें : पटेल**

मध्यप्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दतिया के मतदाता सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें अल्प अवधि में दोबारा अपने जनप्रतिनिधि का चयन करने का अवसर मिला है. कांग्रेस विधायक ने पिछले ढाई वर्षों में क्षेत्र के विकास में अपेक्षित सहयोग नहीं दिया. अब जनता के पास विकासवादी जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर है और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाना चाहिए.

